# हरियाणा ने मतदान केंद्रों पर कतार की जाँच के लिये एप लॉन्च किया

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा ने मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर **कतार के बारे में जानकारी** प्रदान करने के लिये **'वोटर-इन-क्यू'** मोबाइल एप लॉन्च किया। इससे मतदाताओं को अपनी सुविधानुसार जाकर मतदान करने में मदद मिलेगी।

## मुख्य बिंदु:

- हरियाणा की **10 लोकसभा सीटों** पर **25 मई, 2024** को एकल चरण का मतदान होगा।
- भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा **'वोटर-इन-क्यू' एप** को उपयोग के लिये मंज़ूरी दे दी गई है।
- **यह 30 शहरी विधानसभा क्षेत्रों में चालू होगा।** इसके ज़रिए मतदाता चुनाव के दिन **मतदान केंद्रों पर होने वाली भीड़ को लाइव** देख सकेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-launches-app-to-check-queue-at-poll-booths